अमर उजाला 05/10/2022

# डाटा एनालाइजिंग भविष्य के लिए लाभदायक



गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज विजेताओं के साथ स्टाफ। संवाद

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी में कंप्यूटर साइंस विभाग ने एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने डाटा एनालिसिस के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र आने वाले समय में बहुत लाभदायक है। डॉ. अनुज कुमार कंप्यूटर साइंस विभाग पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस चंडीगढ़ ने एक्सटेंशन लेक्चर में डाटा एनालाइजिंग यूजिंग पैथोन के बारे में जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि इस जानकारी से विद्यार्थियों को भविष्य में बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति प्रेरित किया। प्राचार्य ने विभाग को इस आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ. उपेंद्र कौर और डॉ. सुरजीत सांगवाल उपस्थित रहे। संवाद